सुप्रभात
शुक्रवार 13.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 146
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### महेंद्र हत्याकांड में राजू मंडल का बयान दर्ज

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप मे जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया । सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कार्यकर्ता राजू मंडल को बतौर गवाह पेश किया। अदालत को दिए बयान में उसने घटना का समर्थन किया हालांकि किसी को पहचानने से इनकार किया ।अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है ।उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चला कर दी थी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ छेड़खानी के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी तोपचांची निवासी वसीम अंसरी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। प्राथमिकी पीड़िता के मां की शिकायत पर तोपचांची थाने में 1 फरवरी 24 को दर्ज की गई थी । प्राथमिकी के मुताबिक 1 फरवरी 24 को जब पीड़िता स्कूल से अपने घर के लिए लौट रही थी तो वसीम ने उसके साथ छेड़छाड़ किया था । जब पीड़िता के घर वालों ने इसकी शिकायत वसीम के घर में जाकर की तो पीड़िता के मां के साथ भी मारपीट की गई थी ।अनुसंधान के बाद पुलिस ने 31 मार्च 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 19 जून 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी अभियोजन ने इस मामले में छह गवाहों का परीक्षण कराया था।

### महेंद्र सिंह हत्याकांड सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप मे जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया । सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी। हत्या की गुत्थी सुलझाने का जिम्मा सीबीआई के स्पेशल क्राईम ब्रांच लखनऊ को सौंपी गई थी। जिसमें प्राथमिकी आरसी केस नंबर 07(एस)/05(एल) दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। गिरिडीह कोर्ट में पेशी के दौरान 14 नवंबर 12 को साकिम दा पुलिस बल पर हमला कर अपने साथियों के साथ भाग गया था।

### फुलारीटांड़ पैच में कर्मियों के साथ मारपीट 7 पर मामला दर्ज

**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के फुलारीटांड़ पैच में संचालित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत कर्मियों के साथ मारपीट के मामले में डोजर ऑपरेटर मोदीडीह निवासी राकेश कुमार की लिखित शिकायत पर बरोरा थाना में अपर मंदरा के पूर्व मुखिया शंकर बेलदार समेत अन्य सभी सात नामजद अभियुक्तों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की गई है। पूर्व मुखिया के अलावा विमल पासवान, माथाबांध निवासी नीरज चौहान, खोखीबीघा निवासी अनीश चौहान, शनि चौहान, प्योर बरोरा निवासी मनोज चौहान आदि पर मामला दर्ज किया गया है।

# मंदिर परिसर में मांस का टुकड़ा फेंकने के बाद स्थिति तनावपूर्ण

## पुलिस ने दोनों गुटों के लोगों के साथ की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के एक मंदिर में मांस के टुकड़ा फेंके जाने से दो पक्षों के बीच उत्पन्न तनाव को खत्म करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। गुरुवार को क्षेत्र में शांति बहाल करने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में दोनों पक्षों के लोगों ने अपनी बातें रखी। एसडीपीओ ने दोनों पक्ष से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। चिरकुंडा क्षेत्र हमेशा से एक मिसाल रहा है, जहां दोनों समुदाय एक दूसरे के पर्व त्योहार में भाईचारे के साथ मिलते-जुलते हैं। इस सौहार्द को कायम रखने की अपील की गई। बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बतातें चले कि चिरकुंडा थाना अंतर्गत बाबूडंगाल सीएमडब्ल्यू कॉलोनी हनुमान मंदिर में विगत मंगलवार को मांस का एक टुकड़ा मिलने के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। निरसा एसडीपीओ, सीओ कृष्ण कुमार मरांडी, चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय एवं आसपास के सभी थाना व ओपी प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। वही मंदिर कमेटी के लोगों ने चिरकुंडा थाना को लिखित शिकायत दी थी, जिसमें पांच लोगों को नामजद बनाया गया है। दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा भी चिरकुंडा थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। चिरकुंडा पुलिस मंदिर परिसर के आसपास लगातार कैंप कर रही है। फिलहाल माहौल शांतिपूर्ण है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है और इस घटना में शामिल शरारती तत्वों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## बैंकमोड़ थाना की महिला दरोगा समेत तीन पर धोखाधड़ी व हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**धनबाद।** बैंकमोड थाना की महिला दरोगा सुमन कुमारी समेत धोवाटांड निवासी श्याम गुप्ता तथा उसके पुत्र सुरेश गुप्ता के खिलाफ बुधवार को अदालत में धोखाधड़ी करने ,गाली गलौज कर मारपीट एवं हत्या का प्रयास करने का मुकदमा दाखिल किया गया है। डायमंड क्रॉसिंग निवासी दैनिक अखबार का हौकर मनीष कुमार प्रसाद अदालत में शिकायत वाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि आरोपी श्याम गुप्ता के यहां अखबार देने के कारण उसे जान पहचान हो गई थी। श्याम गुप्ता उसे अपनी बातों में फंसा कर उसके बजाज कार्ड एवं एचडीएफसी फाइनेंस से दो मोबाइल फोन किस्त पर खरीदवाया था जिसकी कीमत 61500 थी। श्याम गुप्ता उससे वादा किया था कि दोनों मोबाइल का किस्त वह समय पर भर देगा और आरोपी सुरेश गुप्ता ने इसकी गारंटी ली थी। आरोपी द्वारा साथ किस्त दिया गया पर बाद में किस्त देना बंद कर दिया जिससे उसे जुमार्ना सहित चार किस्त का भुगतान करना पड़ा तथा बजाज फाइनेंस द्वारा उसके कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया साथ ही बैंक में उसकी शाख खराब हो गई। कर्ज लेकर उसने किस्त का भुगतान किया। 5 सितंबर को जब वह आरोपियों से पैसे की मांग की तो उन लोगों ने पैसा देने से मना कर दिया जिसकी शिकायत 7 सितंबर को उसने बैंकमोड़ में की थी। बैंक मोड़ थाना की महिला अधिकारी सुमन कुमारी आरोपियों को बुलाकर उन लोगों के सामने उसे थाना परिसर में ही आरोपियों से उसकी पिटाई करवा दी जिससे वह बुरी तरीके से घायल हो गया। आरोपी सुरेश गुप्ता लोहे के हथियार से उसके सर पर वार किया जिससे उसका सर फट गया।

## झरिया बस स्टैंड की सड़क बदहाल युवा संगठन ने की पौधों की रोपाई

### सड़क पर जल जमाव से होती है दुर्घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया चार नंबर स्थित बस स्टैंड की सड़क बदहाल है। मामूली बारिश होने से ही सड़कों पर बने गड्ढे में जमा पानी तालाब का रूप अख्तियार कर लेता है। इसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन मौन है। इस बस स्टैंड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री बसों द्वारा अपने-अपने गंतव्य को जाते हैं। सड़क में बने गड्ढे और जमा पानी के कारण प्रतिदिन कोई ना कोई घटना होती है। गुरुवार को युवा संगठन ने इन गड्ढे नुमा तालाबों में पौधों की रोपाई कर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया। युवा संगठन के सौरभ शर्मा ने बताया कि झरिया बस स्टैंड शहर का महत्वपूर्ण स्थान है। बावजूद यहां की सड़क पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। आज युवा संगठन ने पौधों की रोपाई कर प्रतिनिधि और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके बावजूद सड़कों की मरम्मत नहीं होती है तो स्थानीय लोगों की सहायता से आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। मौके पर सौरभ शर्मा, झूलन सिंह, मनजीत चौहान, संजय दीवार, मुक्कू साह आदि मौजूद थे।

# धनबाद: कांग्रेस के संवाद आपके साथ कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की ठेलाठेली

## झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। इसी को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को जिले के उत्सव भवन में संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शिरकत की। कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग गुट बनकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को अंगवस्त्र, पुष्पगुक्ष तो किसी ने पगड़ी और चांदी का मुकुट देकर स्वागत किया। कांग्रेस के संवाद आपके साथ कार्यक्रम में अनुशासनहीनता देखने को मिली। बता दें कि इस कार्यक्रम में इच्छुक प्रत्याशियों के साथ जिले भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए । कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुक्ष देने के लिए आपस में ठेला ठेली देखने को मिली । कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रजातंत्र में हर कोई प्रत्याशी बन सकता है, लेकिन उन पर मुहर आलाकमान ही लगाएगा। वही भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा डर गई है, जबकि पुनः झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

## बगैर वर्क आर्डर बंद करें काम, नहीं तो होगा चक्का जाम : बीसीकेयू

### ईसीएल के लखीमाता कोलियरी प्रबंधन को चेताया



**कुमारधुबी।** बिना वर्क ऑर्डर के कोलियरी में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने से नाराज बीसीकेयू ने गुरुवार की सुबह ईसीएल के लखीमाता कोलियरी में प्रेस वार्ता कर प्रबंधन को चेतावनी दी है। बीसीकेयू की ओर से कहा गया है कि बिना वर्क ऑर्डर के काम को अविलंब रोक दिया जाए, अन्यथा बीसीकेयू के बैनर तले पूरी कोलियरी का चक्का जाम कर दिया जाएगा। प्रेस को संबोधित करते हुए मजदूर नेता रामजी यादव ने कहा कि ईसीएल प्रबंधन मनमानी पर उतर आया है और बिना किसी वर्क ऑर्डर के टेंडर कर रहा है। साथ ही बिना किसी कारण काम करां रहा है । पूरे खेल में प्रबंधन की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंडरग्राउंड माइंस में जिस काम की कोई जरूरत ही नहीं है, वह प्रबंधन करा रहा है। श्री यादव ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि प्रबंधन वर्क ऑर्डर दिखाए नही तो काम बंद करे। अन्यथा चक्का जाम होगा, जिसके लिए प्रबंधन जिम्मेवार होगा। मौके पर लालू ओझा,रौशन मिश्रा, बापी गोप,हरेंद्र मिश्रा,अमित मुखर्जी, पापन चटर्जी, हरेंद्र शर्मा, दीपक सिंह, राहुल झाल,देवेंद्र मिश्रा, मनोरंजन गोप, मोहित बराट, विनय सिंह आदि मौजूद थे।

एक नजर में

### दुर्गा पूजा कमेटी की मांग पर नाला को ढंका



**कुमारधुबी।** शिवलीबाडी मध्य पंचायत में पश्चिमी सीमा पर नाली बनाने का आग्रह न्यू स्टार क्लब दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों ने मुखिया अनामिका देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव से की थी। मुखिया द्वारा निजी मद से दुर्गा मंडप के सामने बहते नाले के ऊपर स्लेब डलवा कर उस जगह को गंदगी मुक्त कराया। क्लब के संरक्षक नागेंद्र सिंह, अध्यक्ष बापी बनर्जी तथा क्लब के सदस्य अरुण कुमार, बबलू प्रसाद आदि ने मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि को धन्यवाद दिया। नाले के ऊपर ढलाई हो जाने के बाद अब दुर्गा पूजा मंडप तक आने में श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नहीं होगी। क्लब के पदाधिकारी तथा सदस्य ने मुखिया द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की। वाणी मंदिर क्लब के संयोजक अभिजीत घोष सहित अन्य सदस्य भी इस सार्थक पहल में सक्रिय रहे।

### हर्ल सिंदरी में 15 सितंबर तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा



**सिंदरी ।** हर्ल सिंदरी में बीते 1 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को सिंदरी के दो प्राइवेट स्कूलों मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी और औरैकिड्स प्ले स्कूल में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। हर्ल एच आर मंशुल जैन ने बच्चों को साफ सफाई और हाथ धोने का महत्व बताया गया। पखवाड़ा के तहत हर्ल सिंदरी यूनिट प्रमुख सुरेश प्रमाणिक, वाइस प्रेसिडेंट गौतम माजी और एच आर हेड संत सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर वृक्षारोपण किया। स्वच्छता पखवाड़ा के पहले दिन हर्ल सिंदरी के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। बुधवार को नेहरू मैदान शहरपुरा में मैदान की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके अंतर्गत एसजेएएस अस्पताल धनबाद द्वारा हर्ल परिसर में सभी कामगारों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

### कल्पतरु परिवार ने किसानों के बीच बांटे फलों के पौधे



**कुमारधुबी।** कल्पतरु परिवार कुल्टी द्वारा चिरकुंडा सुंदर नगर बालू बैंकर में किसान एवं जनता के बीच आम, अनार, लीची,नारियल, केला ,चीकू, के पौधे का वितरण किया गया। जिसमें कल्पतरु परिवार के जयदेव माझी, मिट्ठू गढ़यान, सुभो माजी, समीर गोराई,जंग बहादुर सुभोनील आदि की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही किसान बहुत खुशी महसूस कर रहे थे। जयदेव माजी महाराष्ट्र से ट्रेनिंग लेकर आए हैं। उन्होंने करहा कि सभी को पेड़ लगाने की विधि से अवगत कराएं कि किस तरह पेड़ मे 10 की जगह 100 फल हो सकता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीआईटी सिंदरी में पौधरोपण



**सिंदरी।** पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर बीआईटी सिंदरी के ईको क्लब द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को संस्थान में वृक्षारोपण किया गया। छात्रों, स्वयंसेवकों और संस्थान के संकाय सदस्यों ने भागिदारी निभाई। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने कहा कि जीवन को पोषित करने के बराबर एक पेड़ लगाना है। शिक्षक ज्ञान के साथ पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को भी स्थापित करें। ईको क्लब संयोजक शिक्षक डॉ बी डी यादव ने कहा कि अभियान के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला किया जा सकता है। पेड़ों के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ कोमल कुमारी और डॉ अशोक बर्नवाल ने कहा कि हमारा सामूहिक प्रयास स्वस्थ और हरित भविष्य की नींव रखेगा। जेनरल वार्डन डॉ आर के वर्मा ने कहा कि पेड़ लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा भरा घर और संस्थान देना हमारा कर्तव्य है। अभियान में बीआईटी सिंदरी के ईको क्लब के नीलाभ, मधु, आदित्य, मोनू, संगीता और प्रशांत शामिल थे।

## मतदान केंद्र बदलें, वरना होगा वोट बहिष्कार

### बूथ नम्बर 166 और 167 के वोटरों ने की मांग




खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** झरिया विधानसभा क्षेत्र जोरपोखर अंचल के शालीमार, सुंदरपुर और सुंदरनगर के मतदाता अपने मतदान केंद्र को नजदीक लाने के लिए आंदोलित हैं। मतदाताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज गुरुवार को झरिया सीओ से मिला और बूथ के स्थानांतरण की मांग की। कहा कि अगर उनके बूथ को नजदीक में नहीं किया गया तो वोट बहिष्कार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शालीमार, सुंदरपुर और सुंदरनगर का मतदान केंद्र संख्या 166 और 167 करीब पांच किलोमीटर दूर रमजानपुर स्थित मरियम स्कूल में है। रमजानपुर इलाका मुख्य रास्ते पर नहीं होने से लोगों को पैदल या रिजर्व वाहनों पर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ पड़ता है। बुजुर्ग, बीमार और विकलांग लोगों के लिए यह और भी ज्यादा परेशानी भरा काम हो जाता है। इस कारण अधिकतर वोटर मतदान करने नहीं जाते, जिसका असर मतदान के प्रतिशत पर पड़ता है। सीओ से मिलने पहुंचे मतदाताओं का कहना है कि वे लोग वर्ष 2019 से ही मतदान केंद्र को स्थानीय शालीमार प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित करने की मांग लिखित रूप से करते आ रहे हैं। लेकिन न तो जिला प्रशासन संजीदा है और न ही राजनीतिक पार्टियां। बूथ सुपरवाइजर भी इस मामले में मतदाताओं की सुधि नहीं लेता इसलिए वोट बहिष्कार के अलावा और कोई चारा नहीं बचता है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शुभाशीष राय ने किया।

# झारखंड बांग्ला भाषा संस्कृति परिषद का सम्मान समारोह

## बांग्ला चैनल की संगीतकार अनिंदिता बनर्जी ने लोक गीत से मोहा मन



खबर मन्त्र संवाददाता


**झरिया।** झरिया पोद्दार पाड़ा स्थित हरिबोल मंदिर परिसर में झारखंड बांग्ला भाषा-संस्कृति परिषद के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बी बी एम कॉलेज के फाउंडर प्रोफेसर सिद्धार्थ बनर्जी थे। धीवर समाज के हरिबोल मंडली को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धीवर समाज ने परंपरागत कीर्तन को 150 से भी ज्यादा वर्षो से जीवंत रखा है। समाज के गोवर्धन धीवर, तपन धीवर, नारायण धीवर, त्रिभंगा धीवर, भोला धीवर, माणिक धीवर, किशन धीवर, शुशांता धीवर, शशांक शेखर ओझा, गोबिंदा धीवर, शिल्पी अनिंदिता बनर्जी,शशांक शेखर ओझा,को परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा धीवर समिति द्वारा सम्मानित हो कर मुझे अपने पर गर्व हो रहा है। बांग्ला संस्कृति व परंपरा की वाहक है यह समिति। कार्यक्रम में कोलकाता बांग्ला चैनल की संगीतकार अनिंदिता बनर्जी ने लोक गीत गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। धीवर समिति द्वारा रंगारंग कीर्तन प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन परिषद के सहायक सचिव मिताली ने किया।

### इन्हें किया गया सम्मानित

परिषद के अध्यक्ष अजय मुखर्जी, सचिव समीर गोस्वामी, सहायक सचिव मिताली मुखर्जी ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि सिद्धार्थ बनर्जी को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिनाकी राय, शुशांत बनर्जी, कल्याण घोषाल, तपन धीवर आदि का योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन परिषद के संयुक्त सचिव कल्याण घोषाल ने किया।

स्पीड न्यूज

## नौका विहार के साथ मनाया गया श्री राधा अष्टमी उत्सव



धनबाद। इस्कॉन कुसुम विहार में श्री राधा अष्टमी एवं नौका विहार उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के नौका विहार से हुई। सुंदर गोविंद प्रभु ने राधा रानी जन्मोत्सव कथा भक्तों को सुनाई। कथा के बाद भगवान की महा आरती, 56 भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। पिछले 3 वर्षो से नौका विहार का आयोजन ब्लू लगून में श्री राधा अष्टमी के दिन किया जाता है। इस वर्ष आकर्षक नौका इस्कॉन कुसुम विहार से जुड़े दिल्ली के भक्तो ने मंगाई थी। साज-सज्जा धनबाद के भक्तों द्वारा की गई। इस्कॉन प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने बताया कि प्रत्येक वर्ष श्री राधा अष्टमी उत्सव की तैयारी में भक्त जन्माष्टमी के बाद से ही लग जाते हैं। भगवान के प्रति धनबाद वासियों का स्नेह एवं उत्सव मनाने का उत्साह देखने योग्य होता है। सभी भक्त छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखते हैं और उत्सव को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग देते हैं।

## भागवत कथा से मिलती है जीने की प्रेरणा : श्री शरण जी महाराज



मैथन। निरसा हड़ियाजाम कांटा के समीप श्री राधागोविन्द मंदिर में आयोजित 38 वां श्रीमदभागवत परायण ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को वृंदावन से आये श्री शरण जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा से मिलती है जीने की प्रेरणा। कलयुग में भागवत एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जो मनुष्य को भावसागर से पार कराता है। कलयुग में भगवान का नाम ही भावसागर को पार करता है। आज मनुष्य सिर्फ पैसे की तरफ भाग रहा है। ठाकुर जी पर बहुत कम ही भक्तों का विश्वास रहता है और वह भावसागर को पार करते हैं, ना मनुष्य कुछ लेकर आया है और ना ही मनुष्य कुछ लेकर जाएगा। सिर्फ और सिर्फ मनुष्य के कर्म ही साथ जाएंगे। भागवत कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर होकर नाचने गाने लगे। मौके पर गंगाराम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, कामेश्वर ओझा, सीताराम गोयल, बृजभूषण शर्मा, रोशन भालोठिया, प्रसनजीत मंडल आदि उपस्थित थे।

# फुटपाथ दुकानदारों ने किया निगम कार्यालय का घेराव

**वेंडिंग जोन नहीं, सड़क किनारे दुकान लगाने की मांगी अनुमति**

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। वादा खिलाफी का विरोध करते हुए फुटपाथ विक्रेता समन्वय समिति ने गुरूवार को नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। नगर आयुक्त हाय हाय, तानाशाही बंद करो आदि नारे लगाये। फुटपाथ दुकानदारों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह 20 सूत्री के उपाध्यक्ष बजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर इन दुकानदारों को बेरोजगार करने का काम चल रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्हें जो वेंडिंग जोन बनाकर दिया गया है, वहां व्यापार करना संभव नहीं है। इसलिए नगर निगम को सार्थक प्रयास करने की जरूरत है। वहीं कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा ने कहा कि केंद्र की यूपीए सरकार के समय वर्ष 2014 में फुटपाथ दुकानदारों के लिए जो कानून बना था, उसे लागू करने की जरूरत है। तभी उनका स्थायी समाधान संभव है। फुटपाथ विक्रेताओं के प्रतिनिधि श्यामल मजूमदार ने कहा कि नगर विकास विभाग ने टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। नगर निगम को जल्द इसका गठन करना चाहिए, ताकि हमलोग मजबूती के साथ अपनी बात रख सकें। न्होंने कहा कि नगर आयुक्त तनाशाही नीति अपना रहे हैं। वह कहते हैं कि हम जो कहेंगे वहीं आपलोगों को मानना होगा। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर फुटपाथ दुकानदारों को बुलडोजर लगाकर हटा दिया जाता है। ये लोग जहां वेंडिंग जोन बनाकर दिये हैं, वहां लोग नहीं पहुंचते हैं। दुकानदारी नहीं हो पाती है। इसलिए इन्हें सड़क किनारे शेडबनाकर दुकान देना होगा। जो किराया होगा, उसका भुगतान दुकानदार करेंगे। मांगे नहीं मानी गई तो अगले माह रांची में मंत्रालय के सामने धरना देंगे। धरना में वार्ड 27 के पूर्व पार्षद अंकेश राज उर्फ पप्पू साव, अनिता दास, गुरदास सहित सैकड़ों फुटपाथ दुकानदार शामिल थे।

## सेल टासरा प्रोजेक्ट के कर्मियों ने किया सात घंटे कार्य ठप

सिंदरी। सेल चासनाला टासरा प्रोजेक्ट के लगभग 50 कर्मियों ने गुरुवार की सुबह से लगभग 7 घंटे कार्य ठप कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सेल की एमडीओ कंपनी केटीएमपीएल प्रत्येक सप्ताह बाहर से लगभग दस कर्मियों को बहाल कर रही है, जबकि स्थानीय लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। हालांकि 7 घंटे बाद कर्मचारी काम पर लौट गए। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने जब नो वर्क नो पे का नोटिस दिया तो कर्मी काम पर लौटे। इस संबंध में केटीएमपीएल प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेश ने बताया कि बीआईटी सिंदरी से कैंपस प्लेसमेंट द्वारा झारखंड के माइनिंग इंजीनियर नियुक्त किए गए हैं। सही नियुक्ति प्रक्रिया के बावजूद कुछ ग्रामीणों के बहकावे में कुछ कर्मी विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को चिन्हित भी किया गया है।

## निर्माणाधीन तालाब में मिला युवक का शव



जोड़ापोखर। भागा बाजार निवासी मरहूम मो अली के 18 वर्षीय पुत्र रेहान का शव झरिया थाना क्षेत्र के भागा गड़ीवान पट्टी में निर्माण हो रहे तालाब से तैरता हुआ मिला। निमार्णाधीन तालाब से रेहान का शव मिलने की खबर आस पास के इलाके में आग तरह फैल गई। सूचना पाकर झरिया पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम में भेजने लगे, जिसका ग्रामीणों ने विरोध कर शव को अपने साथ झरिया सिंदरी मुख्यमार्ग के भागा मोड़ ले आया। जहां मुआवजा को लेकर तकरीबन दो घंटे सड़क जाम कर दिया। झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि जो भी प्राकृतिक आपदा में सहयोग राशि दिया जाएगा तथा तालाब निर्माण कर रहे ठीकेदार ने मिट्टी मंजिल करने को लिए मृतक के परिजन को तत्काल तीस हजार रुपये का सहायता किया, तब जाकर सड़क जाम हटाया गया। मृतक रेहान की माँ सोनी आरा ने बताया कि बुधवार दोपहर को घर से निकला था। देर रात तक वापस नही लौटा तो आस पास खोजबीन किया, परन्तु काफी खोजबीन करने के बाद रेहान का पता नही लगा। रेहान पास के ही डेकोरेटर में काम करता था, लेकिन बुधवार को वह काम पर नही गया था। मृतक रेहान तीन बहन रहनुमा, फिरदौस, शैरोन तथा माँ का रो रोकर बुरा हाल है। जिस तालाब में रेहान का शव बरामद हुआ, वह तालाब पिछले वर्ष से ही कार्य प्रगति पर है। तालाब के कार्य के लिए उक्त स्थल पर ठीकेदार, मुंशी तथा कार्य मे लगे मजदूर रहने के बावजूद इस तरह की घटना होना आशंका पैदा करती है। आखिर इतने लोगो के रहने के बावजूद रेहान का शव तालाब से मिलना कई सवाल पैदा करता है।

## एलबी सिंह नहीं हुए कोर्ट में हाजिर, फैसला टला

**बीसीसीएल अधिकारियों पर फायरिंग का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सीबीआई के निर्देश पर कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल मे सडक की मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल अधिकारियों मे दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के एक मामले के आज फैसला टल गया। नामजद आरोपी ठेकेदार एलबी सिंह आज अदालत में हाजिर नहीं हुए वहीं अन्य आरोपी एलबी सिंह के भाई कुंभनाथ सिंह, भरत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह हाजिर थे । धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने मामले मैं फैसले के लिए 17 सितंबर 24 की तारीख निर्धारित की है अदालत ने सभी नामजद आरोपियो एलबी सिंह उनके भाई कुंभनाथ सिंह,भारत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह को 17 सितंबर को सदेह हाजिर होने का आदेश दिया है प्राथमिकी कुसुंडा एरिया नंबर छह के कनिय अभियंता विनय कुमार ठाकुर के शिकायत पर झरिया थाने में 30 जून 12 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक सीबीआई धनबाद में बीसीसीएल अधिकारियों को बीसीसीएल के 26 कार्य स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था आदेश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया था टीम में मुख्य प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधक डीके सिंह, विमल प्रसाद पाठक इंजीनियर ,डीएन सिंह इंजीनियर, एस के झा सीबीआई इंस्पेक्टर एवं मुख्य प्रबंधक सिविल विजलेंस बी एन कुमार शामिल थे जो कार्य स्थल का निरीक्षण एवं मापी करने के लिए आदर्श नगर शिमला बहाल शिव मंदिर के पास पहुंचे थे जैसे ही वहां इन लोगों के द्वारा कार्य शुरू किया गया की कॉलोनी की ओर से चार-पांच युवकगोली चलाते हुए आए और फायरिंग किया और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए प्राथमिकी में आरोप था कि उक्त सभी 26 कार्य ठेकेदार डी के सिंह को आवंटित किया गया था जिसका देख रेख ठेकेदार कुंभनाथ सिंह कर रहे थे प्राथमिकी में आरोप था की अधिकारीगण किसी तरह से वहां से जान बचाकर भागे थे पुलिस ने अनुसंधान के बाद उपरोक्त के विरुद्ध 5 दिसंबर 17 को आरोप पत्र दायर किया था 26 नवंबर 18 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने पांच गवाहों का परीक्षण कराया था।

## अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला



जोड़ापोखर। अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव कुमार हरि के नेतृत्व में पहली बार झारखंड के राज्यपाल से मिला और हाड़ी समाज के उत्थान से जुड़ा 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। राज्यपाल ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे और न्यायोचित कार्रवाई करेंगे। हाड़ी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष अशोक राम ने राज्यपाल को अंग वस्त्र भेंट किए। प्रतिनिधिमंडल में अशोक राम, केंद्रीय अध्यक्ष, लखन राम , केंद्रीय संगठन मंत्री, राहुल कुमार हरि, प्रदेश उपाध्यक्ष, कृष्णा हरि, प्रदेश कोषाध्यक्ष, गौरव कुमार, दुमका जिलाध्यक्ष, राजेश हरि, धनबाद जिलाध्यक्ष, रवि कुमार, रामगढ़ जिला सचिव शामिल थे।

**एक नजर में**

## लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन पर गबन का आरोप, सदस्यता बर्खास्त



गोविंदपुर। लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन एवं गोविंदपुर क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरके शर्मा को अवैध वसूली, गबन एवं वरीय सदस्यों के साथ अमर्यादित ढंग से पेश आने के आरोप में क्लब की सदस्यता से बर्खास्त कर दिया गया है। सचिव सुरेंद्र कुमार राय ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि लायंस के बायलॉज के तहत क्लब की आमसभा में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। सदस्यता समाप्त करने के पहले क्लब के प्रावधानों के तहत उन्हें नोटिस दिया गया था। इसके बाद बोर्ड मीटिंग में उनसे सफाई पूछी गई तो वह वरिष्ठ सदस्यों के साथ अमर्यादित तरीके से पेश आए। इसके बाद आमसभा कर उनकी सदस्यता निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सचिव श्री राय ने बताया कि गोविंदपुर क्लब की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही वह जोन चेयरपर्सन पद से भी स्वतः बर्खास्त हो गए। श्री राय ने विज्ञप्ति में कहा है कि लायंस क्लब गोविंदपुर के 46 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान जोन चेयरपर्सन की सदस्यता इस तरह बर्खास्त की गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर डॉ. शर्मा ने बताया कि उन पर लगाए गए सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि क्लब में कुछ सदस्य जी-हुजूरी संस्कृति के पोषक हैं, जिसका अनुसरण नहीं करने की मुझे कीमत चुकानी पड़ रही है।

## असर्फी अस्पताल ने कुमारधुबी में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

मैथन। कुमारधुबी राधाकृष्ण मंदिर कमेटी की ओर से असर्फी अस्पताल धनबाद की मेडिकल टीम ने गुरुवार को मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य जांच व केंसर स्क्रीनिंग शिविर लगाया। शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत की मुखिया अनामिका देवी ने दीप जलाकर शिविर का उद्घाटन किया। डॉ जाफर ने परामर्श के अलावो कैंसर जागरुकता के बारे में भी लोगों को बताया। शिविर में लगभग एक सौ लोगों ने जांच करायी। शिविर को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के अरूण सिन्हा, रंजीत मोदी, हराधन दास, पिंटू दास, लालटू दास, अमर कर, रवि दे, मधुसूदन, मालती कर, अर्चना घोष, हरि कुमार आदि ने भूमिका निभाई।

## तीन ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त

धनबाद। जिला खनन टास्क फोर्स ने गुरूवार को बलियापुर में अभियान चलाकर 300 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर जब्त किये। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि अंचलाधिकारी बलियापुर सुदीप कुमार के नेतृत्व में सिंघियाटांड तथा मोको में जांच अभियान चलाया गया। जांच में सिंघियाटांड़ से 200 एवं मोको से 100 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। तीनों वाहनों को बलियापुर थाना को सुपुर्द किया गया है। वाहन मालिक तथा इस कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## 20 सितंबर को बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

धनबाद। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर समाहरणालय में गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में 1 से 5 वर्ष के 1,22,691 तथा 6 से 19 वर्ष के 3,50,567 बच्चे हैं। उन्हें 20 सितंबर को सभी आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्कूल में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। छुटे हुए बच्चों को 27 सितंबर को गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षक बच्चों को गोली खिलायेंगे।

## कलियासोल में करम पर्व पर गीत-नृत्य प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



मैथन। कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के आरकेएमएम उच्च विद्यालय कुसुमदहा मैदान में गुरूवार को भुईया, घटवार, घाटवाल, आदिवासी महासभा ने एक दिवसीय करम परब पर करम गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों के बड़ी संख्या में लड़कियों ने ग्रुप बनाकर भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष 108 वर्षीय दुर्गा सिंह घटवार उपस्थित थे। समाज के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।समाज के महिला नेत्री मीनू राय ने बताया कि हम भुईयां, घटवार, घाटवाल जाति झारखंड के मूल निवासी आदिवासी हैं। लेकिन दूसरों की रक्षा करते करते हमारी जाति आज गरीबी रेखा से नीचे आ गई है। सरकार की ओर से भी हमें एसटी का दर्जा नहीं देने के कारण आज पूर्वजों की जमीन भी खो चुके हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एकजुट कर हम सरकार से आदिवासी का दर्जा देने की मांग करते हैं। मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने समाज को शिक्षित करने एवं कुरीतियों को मिटाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का उदघाटन डुमरिया के मुखिया प्रतिनिधि मदन मोहन राय ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रथम से तृतीय सहित सभी विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ठाकुर मांझी, नौशाद अंसारी, सष्टि सिंह, दिलमोहम्मद, जोतिलाल मुर्मू, धीरेन राय, सुधाकर, जयदेव, योगेश, सुरेश, सपन, कार्तिक, मोहन, कंचन, चरण, फुचिराम, तरूण, भोलानाथ राय मौजूद थे।

## चिरागोड़ा में 16 घंटे तक रही बिजली गायब

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बरसात के सीजन में एक बार फिर शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। 24 घंटे में मात्र 8 घंटे बिजली मिल रही है। 16 घंटे हर दिन बिजली कटौती की जा रही है। जो बिजली मिल रही है, उसमें लो वोल्टेज की समस्या अलग से लोगों को झेलनी पड़ रही है। लगातार बिजली कटौती के कारण घरों का काम काज प्रभावित होने लगा है। सबसे बुरा हाल चिरागोड़ा प्रोफेसर कॉलोनी का है, जहां पिछले चार दिनों से आधी रात को बिजली काट दी जा रही है, उसके अगले दिन भी पूरे दिन बिजली गुल रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में बिजली की हालत गर्मी से भी बदतर हो गई है। दिनभर बिजली कटौती के कारण इन्वर्टर भी जबाब दे रहा है। उमस के कारण घर में रहना दूभर हो गया है। वहीं लोगों ने यह आरोप लगाया कि बिजली मिले न मिले लेकिन महीने का बिल पहले की अपेक्षा चार गुना अधिक आ रहा है। शिकायत लेकर विभाग में जाने पर कोई सुनवाई नहीं होती है। इधर दो माह से तो बिजली का रीडिंग भी बंद है। ऐसी स्थिति में शहर में रहना मुश्किल होने लगा है। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने बताया कि डीवीसी से ही लोड शेडिंग हो रही है। इस कारण समस्या हो रही है। वहीं पाथरडीह, गोविंदपुर और कांड्रा ग्रिड में मेंटनेस का काम चल रहा है। लेकिन आज एक बजे के बाद बिजली कीआपूर्ति शुरू कर दी गई थी। रही बात चिरागोड़ा प्रोफेसर कॉलोनी की तो यहां ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी आ गई थी, जिसे ठीक करने में ज्यादा समय लग गया। यहां भी शाम चार बजे से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

## स्ट्रीट लाइट के लिए एनओसी नहीं मिला तो होगा पुतला दहन

कतरास। गोशाला पुल कतरास से भटमुरना मोड़ तक स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए वार्ड नंबर एक की समाजसेवी डॉक्टर मधुमाला ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड के परियोजना निदेशक को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि यदि 15 दिनों के अंदर राष्ट्रीय राजमार्ग 32 द्वारा गोशाला पुल कतरास से भटमुरना चौक तक स्ट्रीट लाइट लगाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया तो 25 सितंबर को एनएचएआई धनबाद के परियोजना निदेशक का पुतला दहन किया जाएगा। पत्र में उन्होंने बताया कि गोशाला पुल कतरास से भटमुरना चौक तक घोर अंधेरा छाया रहता है। यहां स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। धनबाद नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट लगाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। लेकिन एनएचएआई धनबाद ने अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया है। डॉ स्वतंत्र कुमार ने कहा कि गोशाला पुल से भटमुरना तक स्ट्रीट लाइट नहीं रहने के कारण क्षेत्र में लगातार दुर्घटना हो रही है।

## धनबाद रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता



धनबाद। रेलवे ग्राउंड धनबाद में पर्सनल की टीम ने 14-0 से अकाउंट्स की टीम को पराजित किया। पर्सनल टीम के स्पोर्ट्स ऑफिसर अजीत कुमार पांच गोल, लवदीप तीन गोल, हरमंदीप तीन गोल, आमिर हाशमी, नितिन प्रधान, प्रशांत दे एक-एक गोल किए।दूसरा मैच में कैरज एंड वैगन की टीम ने 4-0 से टी आर एस गोमो की टीम को पराजित किया। कैरज एंड वैगन टीम के सि एम झा तीन गोल एवं बाबूलाल बारी ने एक गोल किए। निर्णायक की भूमिका सुरेश किस्कु, संजय हेंब्रम, सरकार मरांडी, राजवीर टुडू, कृष्ण कुमार रजक ने निभाई। इस अवसर पर वरीय मंडल वित्त प्रबंधक राहुल कुमार राय, सहायक क्रीड़ा अधिकारी सह सहायक मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी अनूप कुमार सिन्हा एवं रतन राकेश लकड़ा उपस्थित थे।

## काली पहाड़ी उत्तर पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार में 412 आवेदन पड़े

कुमारधुबी। एग्यारकुण्ड प्रखंड की काली पहाड़ी उत्तर पंचायत पंचायत में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर कृष्ण कुमार मरांडी, एगयारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास, मुखिया बबलू चौधरी मौजूद थे। सरकार आपके द्वारा शिविर में कई तरह के स्टॉल लगे हुए थे। मईया स्मान योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र राशन कार्ड आधार कार्ड में संशोधन, बिजली संबंधी समस्या सहित कई तरह की योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक शिविर में पहुंचे थे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने किया स्वागत

**कार्यकर्ताओं का उत्साह उफान पर, जगह-जगह स्वागत में उमड़ी भीड़**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कार्यकर्ताओं ने फूल-माला से किया स्वागत**

लोयाबाद के बाद उनका काफिला सीधे महुदा के लालबंगला स्थित पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के आवास पहुंचा, जहाँ कार्यकर्ताओं ने फूलमाला से उनका स्वागत किया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने जलेश्वर महतो संग दोपहर का भोजन किया। इस दौरान बाघमारा के कोंग्रेसी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

महुदा। धनबाद संवाद सम्मेलन में शामिल होने जा रहे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का गुरुवार को महुदा स्थित तेलमोचो ब्रिज पर पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दर्जनों कार्यकर्ताओं संग पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जलेश्वर समर्थकों में उत्साह का माहौल था। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का काफिला महुदा मोड़ स्थित विनोद बाबू चौक पहुंचा, जहाँ प्रदेश अध्यक्ष ने विनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। बाद में काफिला धनबाद के लिए रवाना हुआ। काफिले में झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो शामिल थे। धनबाद में आयोजित सम्मान सभा में अध्यक्ष ने तमाम कोंग्रेसियों को संबोधित किया। बाद में काफिला लोयाबाद में आयोजित जनसभा में पहुंचा। तमाम कोंग्रेसियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

